भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.572**
06 फरवरी, 2024 को उत्तर देने के लिए

## फूड पार्क स्थापित करने हेतु मानदंड

**572. श्री एम.बदरूद्दीन अजमल:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** किसी भी क्षेत्र में फूड पार्क स्थापित करने के लिए मानदंड और आवश्यकताओं का ब्यौरा क्या हैं;

**(ख)** वर्तमान में असम सहित देश में उपलब्ध फूड पार्कों की संख्या और ब्यौरा क्या है और कितने फूड पार्क स्थापित करने के लिए अनुमोदित हैं लेकिन अभी भी प्रक्रियाधीन हैं;

**(ग)** क्या मंत्रालय असम के धुबरी जिले में फूड पार्क स्थापित करने के अनुरोध पर विचार कर रहा है, जहां खेती लोगों की आय का मुख्य स्रोत है; और

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्ष 2008 से प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक घटक योजना, मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) लागू कर रहा है। केवल प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ इस योजना को दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों (पीपीसी), संग्रह केंद्रों (सीसी), के रूप में खेत के पास प्राथमिक प्रसंस्करण और भंडारण के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण, केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्रों (सीपीसी) पर सामान्य सुविधाओं और सक्षम बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, बिजली, पानी, बहिस्राव शोधन संयंत्र (ईटीपी) आदि सुविधाएं सहित एक कुशल आपूर्ति श्रृंखला द्वारा समर्थित एक मजबूत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की सुविधा प्रदान करना है। मेगा फूड पार्क (एमएफपी) के निष्पादन, स्वामित्व और प्रबंधन की जिम्मेदारी एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी)/कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) के पास है। मेगा फूड पार्क के केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र के लिए एसपीवी/कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) द्वारा कम से कम 50 एकड़ भूमि की व्यवस्था की जानी आवश्यक थी। इस योजना में सामान्य क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत की 50% की दर से तथा दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों यानी सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राज्यों के आईटीडीपी अधिसूचित क्षेत्रों सहित उत्तर पूर्व क्षेत्र में प्रति परियोजना 50 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन 75% की दर से पूंजी अनुदान की परिकल्पना की गई है। प्रत्येक परियोजना में लगभग 250 करोड़ रुपये के सामूहिक निवेश के साथ लगभग 25-30 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ होने की उम्मीद है जिनमें से प्रत्येक का लगभग 450-500 करोड़. का वार्षिक कारोबार होता है। प्रत्येक एमएफपी से, पूरी तरह से चालू होने पर लगभग 5,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने और लगभग 25,000 किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। परंतु, परियोजना का वास्तविक विन्यास प्रत्येक मेगा फूड पार्क की व्यावसायिक योजना के आधार पर भिन्न होता है।

**(ख):** मेगा फूड पार्क योजना के तहत, मंत्रालय ने 25 राज्यों में 41 एमएफपी को मंजूरी दी है, जिसमें असम के नलबाड़ी जिले में एक मेगा फूड पार्क परियोजना भी शामिल है। इन 41 मेगा फूड पार्कों में से 24 मेगा फूड पार्क चालू हैं। इन पार्कों का विवरण **अनुबंध** में है। चूंकि यह योजना दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दी गई है, इसलिए किसी भी मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।

**(ग) और (घ):** एमएफपी योजना केवल प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दी गई है अतः देश के किसी भी हिस्से में नए मेगा फूड पार्क की स्थापना के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा सकता है।

*****

अनुबंध

**फूड पार्क स्थापित करने हेतु मानदंड के संबंध में दिनांक 06.02.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 572 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित परिशिष्ट।**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए कानाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जिले का नाम | अंतिम अनुमोदन की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान की राशि (करोड़ रूपये में) | जारी अनुदान की राशि (करोड़ रूपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनी फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | चित्तूर | 30-मार्च-2009 | 121.1 | 49.92 | 49.92 | प्रचालनरत |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | पश्चिम गोदावरी | 16-दिसम्बर-2013 | 122.6 | 50.00 | 44.53 | प्रचालनरत |
| 3 | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) | आंध्र प्रदेश | कृष्णा | 31-दिसम्बर-2015 | 112.94 | 50.00 | 37.69 | कार्यान्वयनाधीन |
| 4 | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | अरुणाचल प्रदेश | पापुम पारे | 12-सितम्बर-2019 | 73.02 | 43.25 | 12.02 | कार्यान्वयनाधीन |
| 5 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | असम | नलबाड़ी | 30-मार्च-2009 | 84.96 | 48.84 | 48.84 | प्रचालनरत |
| 6 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) | बिहार | मुजफ्फरपुर | 7-अप्रैल-2022 | 180.57 | 45.4 | 4.12 | कार्यान्वयनाधीन |
| 7 | प्रिस्टिन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | बिहार | खगरिया | 6-अगस्त-2014 | 120.13 | 41.9 | 34.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 8 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | छत्तीसगढ | रायपुर | 4-जून-2014 | 96.58 | 43.96 | 39.57 | प्रचालनरत |
| 9 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | सूरत | 22-मई-2014 | 121.86 | 50.00 | 45.00 | प्रचालनरत |
| 10 | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | मेहसाणा | 16-अगस्त-2017 | 151.05 | 50.00 | 37.67 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11 | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) | हरियाणा | रोहतक | 21-फरवरी-2018 | 179.75 | 50.00 | 28.70 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12 | हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | हरियाणा | सोनीपत | 6-नवंबर-2015 | 155.58 | 44.94 | 33.85 | प्रचालनरत |
| 13 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हिमाचल प्रदेश | ऊना | 6-अगस्त-2014 | 107.34 | 50.00 | 45.00 | प्रचालनरत |
| 14 | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | जम्मू एवं कश्मीर | पुलवामा | 19-फ़रवरी-2014 | 79.43 | 50.00 | 29.09 | कार्यान्वयनाधीन |
| 15 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | कर्नाटक | तुमकुर | 29-मार्च-2011 | 144.33 | 48.72 | 48.72 | प्रचालनरत |
| 16 | फेवरिच इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक | मंड्या | 19-दिसम्बर-2017 | 113.83 | 50 | 37.57 | कार्यान्वयनाधीन |
| 17 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा) | केरल | पलक्कड़ | 27-नवंबर-2015 | 105.39 | 50.00 | 50.00 | प्रचालनरत |
| 18 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | केरल | अलपुझा | 27-नवंबर-2015 | 129.15 | 50.00 | 38.90 | प्रचालनरत |
| 19 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | खरगोन | 27 अगस्त 2012 | 131.28 | 49.37 | 49.37 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | देवास | 31-दिसम्बर-2015 | 146.07 | 50.00 | 40.00 | प्रचालनरत |
| 21 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | सतारा | 6-अगस्त-2014 | 139.33 | 50.00 | 45.00 | प्रचालनरत |
| 22 | पैठन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 8-मार्च-2013 | 124.52 | 48.82 | 43.94 | प्रचालनरत |
| 23 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | वर्धा | 13-जनवरी-2016 | 92.36 | 50.00 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 24 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लिमिटेड | मणिपुर | थौबल | 29-जनवरी-2020 | 81.83 | 43.254 | 9.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 25 | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | मेघालय | उत्तरी गारो हिल्स | 23-नवंबर-2021 | 65.86 | 48.3 | 0.0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 26 | ज़ोरम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मिजोरम | कोलासिब | 10-जून-2015 | 75.2 | 50.00 | 44.6225 | प्रचालनरत |
| 27 | डॉयस एग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड | नागालैंड | दीमापुर | 16-अगस्त-2017 | 71.79 | 50.00 | 38.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| 28 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | ओडिशा | रायगढ़ | 16-अप्रैल-2012 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | प्रचालनरत |
| 29 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ) | ओडिशा | खोरधा | 6-नवंबर-2015 | 121.95 | 50.00 | 37.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 30 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पंजाब | फाजिल्का | 25-मई-2011 | 130.38 | 50.00 | 45.00 | प्रचालनरत |
| 31 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | पंजाब | कपूरथला | 6-नवंबर-2015 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | प्रचालनरत |
| 32 | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी ) | पंजाब | लुधियाना | 27-नवंबर-2015 | 117.61 | 37.73 | 37.62 | कार्यान्वयनाधीन |
| 33 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | 19-फ़रवरी-2014 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | प्रचालनरत |
| 34 | श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | बीकानेर | 7-अप्रैल-2022 | 132.81 | 50.00 | 0.0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 35 | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी) | तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | 23-जून-2021 | 77.024 | 23.64 | 9.77 | कार्यान्वयनाधीन |
| 36 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना | निजामाबाद | 10-जून-2015 | 108.95 | 50.00 | 44.99 | प्रचालनरत |
| 37 | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड ( टीएस आई आईसी ) | तेलंगाना | खम्मम | 5-फ़रवरी-2016 | 109.59 | 49.79 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 38 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (प्रा.) लिमिटेड | त्रिपुरा | पश्चिम त्रिपुरा | 30-नवंबर-2011 | 77.79 | 48.39 | 45.00 | प्रचालनरत |
| 39 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | हरिद्वार | 30-मार्च-2009 | 95.08 | 50.00 | 50.00 | प्रचालनरत |
| 40 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 23-जनवरी-2014 | 98.08 | 47.79 | 47.79 | प्रचालनरत |
| 41 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | 16-मार्च-2010 | 132.7 | 50.00 | 45.00 | प्रचालनरत |
| | **कुल** | | | | **4635.874** | **1958.53** | **1472.26** | |